तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

कांकेर भूमि

रायपुर, बुधवार 7 अक्टूबर 2026

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

12 चिरायु योजना बनी वनांचल के बच्चों के लिए...



12 लाइन विस्तार कार्य में लापरवाही से खुले गड्ढे में...



औद्योगिक सुरक्षा एवं फायरमैन अग्निशमन प्रशिक्षण के द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें : फायर सेफ्टी

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं



विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यार्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

पता: फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)

संपर्क करें: मो. 7697212782

Advt.

खबर संक्षेप

भाषण प्रतियोगिता में जागृति प्रथम रही

कांकेर। सेवा सेतु अभियान 2026 के अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय भाषण एवं चित्रकला



प्रतियोगिता में शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कोदागांव की कक्षा आठवीं की छात्रा जागृति साहू ने माध्यमिक स्तर की भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्होंने प्रभावशाली अंदाज में विकसित भारत-2047 विषय पर देश की पिछले 25 वर्षों की विकास यात्रा और भविष्य की संभावनाओं पर विचार रखे।

छूटे व नए पात्र युवा मतदाताओं के पंजीयन के लिए विशेष अभियान

कांकेर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिले में छूटे एवं नए पात्र युवा मतदाताओं के पंजीयन के लिए विशेष अभियान शुरू किया गया है। बीएलओ घर-घर जाकर पात्र नागरिकों की जानकारी लेकर मतदाता सूची में नाम जोड़ने की प्रक्रिया पूरी करेंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुन्दन कुमार ने पात्र नागरिकों से अभियान का लाभ लेने के लिए आव्हान किया। फॉर्म-6 के जरिए बीएलओ, ऐप अथवा वेबसाइट से ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

सेवा ज्योति यात्रा में अधिक सहभागिता देने का आह्वान

दुर्गूकोंदल। सेवा संकल्प अभियान के तहत 7 अक्टूबर को कांकेर के नया बस स्टैंड में जिला स्तरीय सेवा ज्योति यात्रा आयोजित होगी। कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं पश्चिम रायपुर विधायक राजेश मुणत सहित जिले के जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। भाजपा मंडल दुर्गूकोंदल अध्यक्ष बिदेसिंह कल्लो, महामंत्री शकुंतला नरेटी व रामचंद्र कल्लो तथा मीडिया प्रभारी संजय उइके ने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से अधिक संख्या में पहुंचने का आव्हान किया। कार्यकर्ताओं के लिए दो रूटों से बसों की व्यवस्था की गई है। युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास राजू नायक ने भी युवाओं से सहभागिता का आह्वान किया।

ओपन स्कूल की अवसर परीक्षा 23 नवंबर से

दुर्गूकोदल। छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल रायपुर की नवम्बर 2026 मुख्य/अवसर परीक्षा 23 नवंबर से शुरू होगी। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुर्गूकोंदल के प्राचार्य अजय नेताम ने बताया कि हाईस्कूल परीक्षा 23 नवंबर से 8 दिसंबर तथा हायर सेकण्डरी परीक्षा 23 नवंबर से 10 दिसंबर तक आयोजित होगी। विद्यार्थियों को निर्धारित तिथि और विषय के अनुसार परीक्षा में शामिल होना होगा। परीक्षा की विस्तृत समय-सारिणी अध्ययन केंद्र दुर्गूकोदल तथा राज्य ओपन स्कूल की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

घायल युवक की हुई मौत, मर्ग कायम

कांकेर। ताड़ोकी थानांतर्गत मुरामेर निवासी 31 वर्षीय मगंउ राम पिता भखउ राम का इलाज के दौरान मौत हो गया। जिला अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक बैल के हमले से घायल हो गया था। इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

पर्चों में पांच दिन का अल्टीमेटम, पेमेंट और 'लाल सलाम जिंदाबाद' का उल्लेख

पुष्प स्टील माइंस में देर रात आगजनी तीन चेन माउंटेन मशीनें जलकर खाक

मौके पर मिले कथित धमकी भरे पर्च

माइंस बंद नहीं करने की चेतावनी से बढ़ी चिंता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

चेमल स्थित पुष्प स्टील माइंस में सोमवार देर रात हुई आगजनी की घटना ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी। माइंस में रास्ता बनाने के काम में लगी तीन चैन माउंटेन मशीनों को अज्ञात लोगों ने आग के हवाले कर दिया। इतना ही नहीं, घटनास्थल पर दो कथित धमकी भरे पर्चे भी छोड़े गए, जिनमें माइंस को बार-बार बंद नहीं करने की चेतावनी के साथ पांच दिन का अल्टीमेटम दिए जाने की बात सामने आई है। एक अन्य पर्चे में पेमेंट और लाल सलाम जिंदाबाद जैसे शब्द लिखे होने की जानकारी है।

जानकारी के अनुसार ग्राम चेमल में पुष्प स्टील कंपनी की खदान संचालित है। माइंस की ओर जाने के लिए रास्ता बनाने के कार्य में तीन चैन ▶▶|शेष पेज 10 पर



आगजनी के बाद बढ़ी कर्मचारियों में चिंता

तीन भारी मशीनों में आग लगाए जाने और मौके पर कथित धमकी भरे पर्चे मिलने के बाद माइंस में काम करने वाले कर्मचारियों में चिंता का माहौल है। माइंस प्रबंधन ने भी घटना को गंभीरता से लेते हुए सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्कता बढ़ा दी है। चेमल क्षेत्र में खनन गतिविधियों को लेकर पूर्व में विरोध की घटनाएं सामने आने की बात भी कही जा रही है। ऐसे में पुलिस आगजनी के पीछे संभावित कारणों को लेकर अलग-अलग पहलुओं की जांच कर रही है।

सभी पहलुओं की होगी जांच

लोहत्तर थाना प्रभारी रिषभ बाजपेयी ने बताया कि अज्ञात लोगों द्वारा तीन मशीनों में आग लगाए जाने की जानकारी मिली है। घटनास्थल से दो पर्चे भी मिले हैं। माइंस अधिकारियों की सूचना के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। पर्चों में लिखी बातों सहित घटना से जुड़े सभी पहलुओं को जांच में शामिल किया है।

दुर्घटना में हाईड्रा चालक की मौत

भारतमाला सिक्सलेन निर्माण कार्य के दौरान खाई में पलटी हाइड्रा क्रेन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बासनवाही

बासनवाही क्षेत्र के बड़े देव घाट के पास भारतमाला सिक्सलेन सड़क निर्माण कार्य के दौरान निर्माण कार्य में लगी हाईड्रा क्रेन अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरी खाई में जा पलटी। हादसे में क्रेन के नीचे दबने से चालक की मौके पर ही मौत हो गई।

दुर्घटना की खबर फैलते ही घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण व राहगीर मौके पर पहुंच गए। जानकारी के अनुसार भारतमाला सिक्सलेन सड़क निर्माण कार्य में उपयोग की जा ▶▶|शेष पेज 10 पर

अनियंत्रित हुई क्रेन, जांच जारी

हादसे की वास्तविक वजह अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है। पुलिस दुर्घटना के विभिन्न पहलुओं की जांच कर रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि क्रेन की गति अधिक थी या फिर घाट का घुमावदार मोड़, ढलान अथवा सड़क की स्थिति के कारण भारी मशीन अनियंत्रित हुई। दुर्घटना से जुड़े अन्य तथ्यों को भी जुटाया जा रहा है।

सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

बड़े देव घाट जैसे घुमावदार और ढलान वाले मार्ग पर भारी निर्माण मशीनों के संचालन के दौरान अतिरिक्त सावधानी की जरूरत होती है। भारतमाला सिक्सलेन निर्माण के चलते क्षेत्र में लगातार भारी वाहनों और मशीनों की आवाजाही हो रही है।

नरहरपुर के 15 वार्डों का आरक्षण तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



नरहरपुर नगर पंचायत में आगामी नगरीय निर्वाचन को लेकर वार्ड आरक्षण की प्रक्रिया जिला पंचायत कांकेर के सभाकक्ष में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में सभी 15 वार्डों का आरक्षण निर्धारित किया गया।

आरक्षण प्रक्रिया के तहत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति और अनारक्षित वर्ग के साथ महिला आरक्षण के लिए वार्डों का निर्धारण किया गया। छत्तीसगढ़ नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 29(क) तथा छत्तीसगढ़ नगरपालिका अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग महिलाओं के लिए वार्डों का आरक्षण नियम 1994 के नियम 3 उपनियम 3 व 5 तथा नियम 4 के प्रावधानों के तहत नगर पंचायत नरहरपुर के 15 वार्डों के आरक्षण की कार्यवाही जिला पंचायत कांकेर के सभाकक्ष में आज राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सम्पन्न की गई, जिसके अनुसार भजनाहालारी वार्ड को अजजा मुक्त, पंडित दीनदयाल वार्ड अजजा मुक्त, शहीद वीर नारायण सिंह वार्ड अजजा महिला, ईमलीपारा वार्ड अजजा मुक्त, भगत सिंह वार्ड अजा मुक्त, सुभाषचंद्र बोस वार्ड ▶▶|शेष पेज 10 पर

राजनीतिक दलों की मौजूदगी में कार्यवाही

वार्डों के आरक्षण की कार्यवाही अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन जितेन्द्र कुर्रे, एसडीएम कांकेर एवं नोडल अधिकारी सरस्वती बंजारे, डिप्टी कलेक्टर टीकाराम देवांगन के द्वारा राजनैतिक दलों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सम्पन्न कराई गई। इस अवसर पर तहसीलदार नरहरपुर पुष्पराज पात्र और नगर पंचायत नरहरपुर के सीएमओ रोशन सिंह ठाकुर सहित स्थानीय निर्वाचन के अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहें।

नशे के खिलाफ पोटगांव में गूंजा जागरूकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरर



ग्रामीणों ने लिया नशामुक्ति का संकल्प

गांव को नशे की गिरफ्त से मुक्त करने और युवाओं व नई पीढ़ी को नशे के दुष्परिणामों से बचाने के उद्देश्य से मंगलवार को ग्राम पोटगांव में नशामुक्ति अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का उद्देश्य ग्रामीणों में नशे के खिलाफ सामूहिक चेतना विकसित करना और शराब की बिक्री व सेवन पर रोक के लिए सामाजिक भागीदारी बढ़ाना रहा। रैली में सैकड़ों ग्रामीणों, विद्यार्थियों और शिक्षकों ने भाग लेकर नशामुक्त समाज का संदेश दिया। श्रीराम सरोवर मानस मंच बाजार चौक से शुरू हुई रैली बजरंग चौक, अस्पतालपारा, गौरा चौक और शीतला मंदिर चौक से होते हुए वापस मानस मंच पहुंची। इस दौरान हम सबका एक ही नारा, नशामुक्त हो पोटगांव हमारा सहित विभिन्न नारों से ग्रामीणों को जागरूक ▶▶|शेष पेज 10 पर

आरसेटी में राजमिस्त्री का मिला प्रशिक्षण



कांकेर। आरसेटी गोविन्दपुर में ग्राम राऊरवाही के युवाओं के लिए आयोजित एक माह के मेशन एवं कांक्रीट वर्क प्रशिक्षण का समापन हुआ। 7 सितंबर से 6 अक्टूबर तक चले प्रशिक्षण में युवाओं को राजमिस्त्री एवं कंक्रीट कार्य की आधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। समापन अवसर पर सफल प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। संस्थान ने स्वरोजगार के लिए बैंक ऋण सुविधा और दो वर्षों तक मार्गदर्शन देने की जानकारी दी। कार्यक्रम में एलडीएम गौरी शंकर राणा, निदेशक, प्रशिक्षक एवं स्टाफ उपस्थित रहें।

पुल निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

चक्काजाम करने वाले ग्रामीणों का विधायक समेत कांग्रेसियों ने दिया समर्थन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

विकासखण्ड चारामा क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिरसिदा क्षेत्र में क्षतिग्रस्त पुल के स्थाई निर्माण की मांग को लेकर मंगलवार दोपहर करीब 1 बजे क्षेत्र के ग्रामीणों ने राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर चक्काजाम कर दिया। आंदोलन में बड़ी संख्या में ग्रामीणों के साथ क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि शामिल हुए। क्षेत्रीय विधायक सावित्री मंडावी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष हिरवेंद्र साहू सहित कांग्रेस नेताओं ने भी आंदोलन को समर्थन दिया।

सिरसिदा क्षेत्र के ग्रामीणों का कहना है कि सिरसिदा में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पटेलपारा से भीमापारा मार्ग पर बनी पुलिया लंबे समय से क्षतिग्रस्त है। बारिश के दौरान पानी का बहाव बढ़ने से पुलिया बार-बार टूट जाती है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों के अनुसार पुलिया वर्ष 2024 में भी टूट गई थी और 25 सितंबर को दोबारा क्षतिग्रस्त हो गई। कई वर्षों से स्थायी पुल निर्माण की मांग के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं होने से ग्रामीणों में नाराजगी थी। मंगलवार को ग्रामीणों ने सड़क पर बैठकर धरना-प्रदर्शन करते हुए स्थायी पुल निर्माण की मांग उठाई।

चक्काजाम के कारण एनएच-30 पर करीब आधे घंटे तक यातायात प्रभावित रहा और वाहनों की कतार लग गई। आंदोलन में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि निर्धारित समय में पुल निर्माण नहीं होने पर वे दोबारा आंदोलन करने को बाध्य होंगे। राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर चक्का जाम की जानकारी मिलने पर प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे, जिसके बाद अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार द्वारा एक माह के भीतर पुल निर्माण की दिशा में कार्रवाई व निर्माण का आश्वासन दिए जाने के बाद ग्रामीणों ने धरना-प्रदर्शन समाप्त किया।

बुजुर्ग की पत्थर व चाकू से हत्या करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

नरहरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम किलेपार में बुजुर्ग की हत्या के मामले में प्रधान सत्र न्यायालय कांकेर ने आरोपी किलेपारा निवासी 19 वर्षीय कौटिल्य कुलदीप को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास और एक हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड की राशि जमा नहीं करने पर आरोपी को 6 माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना होगा। मामले में शासन की ओर से पैरवी शासकीय अधिवक्ता ईश्वर लाल साहू ने की।

शासकीय अधिवक्ता से मिली जानकारी के अनुसार मृतक दुर्ग जिला के ग्राम अंडा निवासी 54 वर्षीय संतूराम देशमुख वर्तमान में घटना के समय किलेपार चौकी हल्बा थाना नरहरपुर में निवास कर रहे थे। वे किलेपार में



रहकर मिस्त्री का काम करते थे और निर्धारित समय पर वापिस नहीं होने पर परिजनों और ग्रामीणों ने उनकी तलाश शुरू की। इसी दौरान मकान के समीप इमली पेड़ के पास मृतक संतूराम का शव संदिग्ध अवस्था में पड़ा मिला। उनके सिर से खून बह रहा था। परिजनों पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर शव ▶▶|शेष पेज 10 पर

लोन की किस्त के लेनदेन को लेकर विवाद, युवक से मारपीट का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

थाना कोरर क्षेत्र के ग्राम भैंसाकन्हार में लोन की किस्त के पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद के बाद मारपीट का मामला सामने आया है। प्रार्थी भैंसाकन्हार निवासी 35 वर्षीय राम सुमन कोरेटी पिता दुर्गू राम कोरेटी ने थाना कोरर पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि 5 अक्टूबर की सुबह करीब 8 बजे ग्राम भानुप्रतापपुर निवासी सरोज पाण्डे उसके घर ग्राम भैंसाकन्हार आया था। दोनों के बीच लोन की किस्त के पैसों के लेनदेन को लेकर बातचीत शुरू हुई। बातचीत के दौरान विवाद बढ़ गया और सरोज पाण्डे ने नाराज होकर राम सुमन कोरेटी के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोपी ने गालियां देते हुए उसे जान से मारने की धमकी दी।



इसके बाद हाथ-मुक्के से मारपीट करने का आरोप लगाया गया है। मारपीट में राम सुमन के बाएं हाथ, नाक और बाईं आंख में चोट आई है। पुलिस ने प्रार्थी के आवेदन की जांच के बाद प्रथम दृष्टया अपराध पाए जाने पर आरोपी सरोज पाण्डे के खिलाफ धारा 296, 115(2) एवं 351(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

21 में से 11 खिलाड़ियों ने जीते पदक, 3 ने हासिल किया स्वर्ण

इंडो-नेपाल कराटे चैंपियनशिप में जेपी इंटरनेशनल स्कूल का दबदबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

महिला कॉलेज सेक्टर-9, भिलाई के खेल प्रांगण में आयोजित प्रथम इंडो-नेपाल ओपन इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप 2026 में जेपी इंटरनेशनल स्कूल कांकेर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया।

भारत और नेपाल के कराटे खिलाड़ियों के बीच हुई इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में विद्यालय के 21 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया, जिनमें से 11 खिलाड़ियों ने पदक जीतने में सफलता हासिल की। खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में 3 स्वर्ण, 2 रजत और 6 कांस्य पदक सहित कुल 11 पदक अपने नाम किए। विद्यालय के प्राचार्य रितेश चौबे ने खिलाड़ियों की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों को केवल पदक जीतना ही नहीं सिखाते, बल्कि आत्म-संयम, अनुशासन, निरंतर अभ्यास और चुनौतियों का सामना करने का आत्मविश्वास भी प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों की यह उपलब्धि नियमित अभ्यास, खेल के प्रति समर्पण और प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। विद्यालय प्रबंधन की चेयरमैन ▶▶|शेष पेज 10 पर



तीन खिलाड़ियों ने जीते स्वर्ण, दो को रजत पदक

प्रतियोगिता के अंडर-8 में 20 किलोग्राम से कम वजन वर्ग में निव्या नेताम, अंडर-10 में 25 किलोग्राम से कम वर्ग में मिराया कुंजाम तथा अंडर-14 में 55 किलोग्राम से कम वर्ग में भव्या नेताम ने अपने-अपने मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया।

खिलाड़ियों ने दिखाया अनुशासन

विद्यालय की इस सफलता में मुख्य कोच चंचल वर्मा ने खिलाड़ियों को तकनीकी प्रशिक्षण देते हुए काता, कुमिते, टाइमिंग और संतुलन पर विशेष अभ्यास कराया। टीम मैनेजर रवि साहू ने खिलाड़ियों के समय प्रबंधन, अनुशासन, मनोबल और प्रतियोगिता से जुड़ी व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी संभाली। दोनों के मार्गदर्शन और बेहतर तालमेल का परिणाम खिलाड़ियों के प्रदर्शन में दिखाई दिया।

खबर संक्षेप

बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री वितरित



घाटलोहंगा। छत्तीसगढ़ विधानसभा के उपनेता प्रतिपक्ष एवं बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल की पहल पर आज महुपाल, बरई में बाढ़ से प्रभावित जरूरतमंद परिवारों को राहत सामग्री वितरित की गई। नगर पंचायत बस्तर के पार्षद अंकित पारख, कमलेश सिल और रजनीश पटेल के द्वारा बाढ़ प्रभावित परिवारों को मदद पहुंचाई गई। इसमें महिलाओं को साड़ी-साया, पुरुषों को लुंगी-टीशर्ट और बच्चों के लिए कपड़े, साथ ही चावल, दाल, हरी सब्जियां व अन्य राशन सामग्री उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर युद्ध प्रताप यादव, ललित सेठिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

महाविद्यालयों में हुई रंगोली प्रतियोगिता



गीदम। सेवा संकल्प अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय आदर्श महाविद्यालय जावंगा एवं संगीत एवं कला महाविद्यालय में बस्तर विकास एवं नक्सली उन्मूलन, पुनर्वास विषय पर प्राकृतिक रंगों से रंगोली कार्यक्रम ब्लॉक स्तर पर मनाया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. विवेक शर्मा के मार्गदर्शन एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी सुरेन्द्र कुमार माहला के संरक्षण में आयोजित किया गया। प्रशासन के आदेशानुसार 17 गुणा 17 फीट आकार की रंगोली बनाई गई। रंगोली के माध्यम से छात्रों ने बस्तर के विकास, शांति और पुनर्वास का संदेश दिया। प्राकृतिक रंगों के उपयोग से पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। इस दौरान संगीत महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक उत्तम साहू और तेजस्वी मैम ने विद्यार्थियों को रंगोली बनाने में सहभागी के रूप में मार्गदर्शन किया। छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

माइनिंग विभाग पर अवैध वसूली का आरोप

ग्रामीणों का धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर



ग्राम बागमोहलई में माइनिंग विभाग पर अवैध वसूली और दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुए सैकड़ों ग्रामीणों ने रैली निकालकर धरना प्रदर्शन किया। ग्रामीणों के समर्थन में बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल भी धरने में शामिल हुए। धरने में कोया समाज के जिला अध्यक्ष देवदास कश्यप, बागमोहलई के जनपद सदस्य मानसिंह कवासी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं। प्रदर्शन के बाद तहसीलदार के माध्यम से कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।

- विधायक ने दिया समर्थन तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

ज्ञापन में आरोप है कि 1 अक्टूबर को माइनिंग विभाग की टीम ने ग्राम बागमोहलई में किसानों के घरों में खड़े ट्रैक्टरों को अवैध गौण खनिज दोहन के नाम पर जब्त करने का प्रयास किया। ग्रामीणों का आरोप है कि घरों में घुसकर गाली-गलौज की गई, पैसे की मांग की गई और न देने पर सोना-चांदी बेचने तथा 4 ट्रैक्टर मालिकों पर कार्रवाई की धमकी दी गई। एक परिवार से 30 हजार और दूसरे से 8 हजार रुपये वसूलने का आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि बस्तर 5वीं अनुसूची क्षेत्र है, जहां ग्राम सभा की अनुमति के बिना प्रवेश विधि विरुद्ध है। मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री आवास जैसे छोटे कार्यों के लिए गौण खनिज लाने पर भी आदिवासियों को परेशान किया जा रहा है। ग्रामीणों ने मांग की है कि ग्राम सभा की अनुमति के बिना माइनिंग विभाग के अधिकारियों के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रवेश पर रोक लगाई जाए। 15 दिन में कार्रवाई न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई है।

शिविर में मत्स्य कृषकों को जाल व आईस बॉक्स का वितरण



दंतेवाड़ा। सेवा संकल्प अभियान के तहत विकासखंड कटेकल्याण के ग्राम बढ़ेगुड़रा में आयोजित शिविर में मत्स्य पालन विभाग द्वारा मत्स्य कृषकों को विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। शिविर के दौरान 2 मत्स्य कृषकों को जाल तथा 2 मत्स्य कृषकों को फुटकर मत्स्य विक्रय हेतु आईस बॉक्स प्रदान किया गया। इसके साथ ही आमजनों एवं मत्स्य कृषकों को विभागीय योजनाओं एवं उनसे मिलने वाले लाभों की जानकारी दी गई। शिविर में 8 कृषकों का एनएफडीपी पंजीयन तथा 10 कृषकों का किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) बनाया गया। विभाग द्वारा मत्स्य पालन से जुड़े हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ लेकर अपनी आय एवं आजीविका को सुदृढ़ करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय विधायक चैतराम अटामी, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

सांसद ने हितग्राहियों को सौंपी विभिन्न योजनाओं की सौगात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

- खोरखोसा में आयोजित सेवा सेतु शिविर में उमड़े लोग

जनकल्याणकारी योजनाओं को सीधे अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से बस्तर विकासखंड के अंतर्गत ग्राम खोरखोसा में सेवा सेतु शिविर का गरिमामय आयोजन संपन्न हुआ। इस विशेष शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में बस्तर सांसद महेश कश्यप शामिल हुए, जबकि जनपद अध्यक्ष संतोष बघेल सहित क्षेत्र के अन्य प्रमुख जनप्रतिनिधि भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

सांसद ने कहा कि शासन की प्राथमिक मंशा यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र हितग्राही योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। शिविर स्थल पर प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में बड़ी संख्या में ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं के तहत लाभान्वित किया गया। 5 पात्र परिवारों को उनके पक्के आशियाने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना की चाबियां सौंपी गईं, वहीं स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 4 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए।

छात्राओं को बांटे साईकिल

ग्रामीणों की बुनियादी आवश्यकताओं और आर्थिक सुरक्षा को सुदृढ़ करते हुए शिविर में 10 ग्रामीणों को आयुष्मान भारत कार्ड तथा 2 किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के दस्तावेज वितरित किए गए। भूमि के वैधानिक अधिकारों को सुनिश्चित करने की दिशा में स्वामित्व योजना के तहत 12 हितग्राहियों को उनके अधिकार अभिलेख सौंपे गए, साथ ही बालिका शिक्षा और आवागमन को सुगम बनाने के लिए खोरखोसा, रेटावंड एवं इच्छापुर की 45 छात्राओं को साइकिलों का वितरण भी किया गया। जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं उपस्थित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी ग्रामीणों को योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निराकरण भी किया गया, जिसमें स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों, जनपद पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री श्वेता वर्मा सहित प्रशासनिक अधिकारियों और बड़ी संख्या में क्षेत्र के ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही।

नई शासकीय सेवाओं को सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन संचालित करने दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी, बीजापुर द्वारा सेवा सेतु ई-डिस्ट्रिक्ट परियोजना के अंतर्गत विभिन्न विभागों की नई शासकीय सेवाओं को सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन संचालित करने के संबंध में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, रीडर व वेरिफायर एवं सेवा सेतु ऑपरेटर शामिल हुए।

- आवेदनों के निराकरण की प्रक्रिया के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी

प्रशिक्षण का संचालन सेवा सेतु ई-जिला प्रबंधक सुनील कुमार दुर्गम एवं सेवा सेतु ई-जिला तकनीकी प्रबंधक दिनेश कुमार पावरे द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। दोनों अधिकारियों ने उपस्थित प्रतिभागियों को सेवा सेतु पोर्टल पर नई सेवाओं के ऑनलाइन संचालन, आवेदन प्रक्रिया, दस्तावेजों के सत्यापन, संबंधित विभागीय कार्यप्रवाह एवं आवेदनों के निराकरण की प्रक्रिया के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। प्रशिक्षण में वन एवं जलवायु परिवर्तन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, कृषि, पशुधन विकास, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, लोक निर्माण, ग्रामीण उद्योग, स्कूल शिक्षा तथा तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को नई सेवाओं के ऑनलाइन संचालन की प्रक्रिया समझाई गई। साथ ही संबंधित रीडर व वेरिफायर एवं सेवा सेतु ऑपरेटरों को भी पोर्टल के प्रभावी उपयोग एवं कार्यप्रवाह के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित नई सेवाओं जैसे कृषि उपकरण पंप-किसान समृद्धि योजना, बीज व्यवसाय लाइसेंस, कीटनाशक एवं उर्वरक संबंधी सेवाएं, वन विभाग की विभिन्न अनुमतियां एवं मुआवजा संबंधी सेवाएं, पेयजल स्रोत परीक्षण, नलकूप खनन की अनुमति, लोक निर्माण विभाग की पंजीयन एवं अनुमति सेवाएं तथा विभिन्न प्रमाण-पत्र एवं आर्थिक सहायता संबंधी सेवाओं के ऑनलाइन संचालन की जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य विभिन्न विभागों की सेवाओं को सरल, पारदर्शी एवं ऑनलाइन माध्यम से नागरिकों तक पहुंचाना तथा सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से आवेदनों के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करना है।

शिविर में हितग्राहियों को मिला योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा



सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत दरभा विकासखंड के ग्राम पंचायत पखनार में खंड स्तरीय सेवा सेतु शिविर आयोजित किया गया। शिविर में ग्रामीणों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र हितग्राहियों को विभिन्न सामग्री का वितरण किया गया।

- विभिन्न विभागों से संबंधित 205 आवेदन हुए प्राप्त

शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 205 आवेदन प्राप्त हुए, जिन्हें आवश्यक कार्रवाई एवं समयबद्ध निराकरण के लिए संबंधित विभागों को भेजा गया। शिविर में राजस्व, पंचायत, खाद्य, कृषि, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, विद्युत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधी जनपद अध्यक्ष मानकदई कश्यप, जनपद उपाध्यक्ष पीडी हरीश, मंडल अध्यक्ष देवीप्रसाद बेंजाम, मंडल महामंत्री दुर्जुन कश्यप, नारायण कुरानी, गागरा नाग, फूलसिंह सेठिया महादेव नाग, रामसाय मौर्य मिडिया प्रभारी मुन्नू सिंह सहित संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, स्थानीय जनप्रतिनिधि, तहसीलदार, जनपद पंचायत सीईओ, खंड शिक्षा अधिकारी एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें।

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को शासन की योजनाओं, पात्रता एवं उपलब्ध सेवाओं की जानकारी प्रदान की गई तथा उनकी समस्याओं एवं मांगों से समन्धित आवेदन प्राप्त किये गए। जनपद उपाध्यक्ष पीडी हरीश ने कहा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 25 वर्षो की सार्वजनिक सेवा यात्रा सेवा सुशासन और जनकल्याण के संकल्प से जुड़ी रही।

इसी सेवा संकल्प को छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सुशासन के माध्यम से आगे बढ़ाते हुए शासन की योजनाओ से सेवाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किये जा रहें है। उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से शासन और आमजन के बीच सीधा संवाद स्थापित हो रहा है तथा नागरिकों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर त्वरित समाधान सुनिचित किया जा सकें। प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वल योजना, आयुष्मान भारत, वात्सल्य एवं महतारी वंदन योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दरभा ब्लॉक के कई ऐसे ग्राम पंचायत है जहां अधिक से अधिक पात्र परिवारों को पक्का आवास उपलब्ध कराने की प्रकिया निरंतर जारी है।

शासन की योजनाओं का लाभ जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचाना जनप्रतिनिधियों और प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने आमजनों से शासन कि जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की है। इसके साथ ही चार कलस्टर के 43 ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं उपसरपंच उपस्थित रहें जिनके सहयोग से कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

131 तीर्थयात्री गंगासागर बिड़ला मंदिर और कालीघाट के लिए रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के अंतर्गत जिले के 131 तीर्थयात्रियों का दल गंगासागर, बिड़ला मंदिर एवं कालीघाट के दर्शन के लिए सोमवार को बस से रायपुर के लिए रवाना हुआ। तीर्थयात्रियों में यात्रा को लेकर उत्साह और उमंग का माहौल रहा। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता एवं नगर पालिका उपाध्यक्ष कैलाश मिश्रा ने बस को हरी झंडी दिखाकर तीर्थयात्रियों को रवाना किया।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के माध्यम से जिले के वरिष्ठ नागरिकों को देश के प्रमुख धार्मिक एवं आध्यात्मिक स्थलों की यात्रा का अवसर मिल रहा है। योजना के तहत तीर्थयात्रियों के लिए यात्रा, आवागमन सहित आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, जिससे वे सुरक्षित एवं सुविधाजनक तरीके से तीर्थस्थलों का भ्रमण कर सकें। इस अवसर पर विभागीय अधिकारी संतोष टोप्पो, तीर्थयात्रा जिला नोडल अधिकारी एसएल सलाम, तीर्थयात्रा प्रभारी विक्रम सिंह ठाकुर सहित विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने तीर्थयात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए उनकी सुखद एवं मंगलमय यात्रा की कामना की।

सुपर गर्ल्स प्रतियोगिता में बालिकाओं ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड

बालिकाओं में छिपी प्रतिभा को मंच देने और उनके आत्मविश्वास, रचनात्मकता एवं अभिव्यक्ति कौशल को निखारने के उद्देश्य से संकुल केंद्र लामकेर एवं सालेमेटा-2 की संकुल स्तरीय सुपर गर्ल्स प्रतियोगिता का आयोजन संकुल भवन लामकेर में उत्साह और उमंग के साथ किया गया।

प्रतियोगिता में एकल गायन, चित्रकला, भाषण, वाद-विवाद, वादन एवं कविता पाठ सहित छह विधाओं को शामिल किया गया। विभिन्न शालाओं से पहुंची बालिकाओं ने पूरे आत्मविश्वास के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मंच पर उनकी प्रस्तुतियों में उत्साह, रचनात्मकता और सीखने की ललक साफ दिखाई दी। चित्रकला में कुमकुम एवं होमई मौर्य, एकल गायन में अलिसा एवं ईशा मौर्य, वाद-विवाद में पल्लवी बघेल, खेमेश्वरी एवं कांची भोयर, भाषण में मुस्कान कश्यप, पायल कश्यप एवं प्रमिला कश्यप ने शानदार प्रदर्शन किया। वहीं कविता पाठ में संगीता कश्यप ने प्रभावशाली प्रस्तुति देकर सभी का ध्यान आकर्षित किया।बालिकाओं की प्रस्तुतियों पर शिक्षकों एवं ग्रामीणों ने तालियों के साथ उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का माहौल ऐसा रहा कि हर प्रस्तुति के बाद बालिकाओं का आत्मविश्वास और बढ़ता गया। प्रतियोगिता में शामिल सभी प्रतिभागी बालिकाओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।सुपर गर्ल्स प्रतियोगिता ने यह संदेश दिया कि अवसर और प्रोत्साहन मिलने पर बेटियां किसी भी क्षेत्र में अपनी पहचान बना सकती हैं। कार्यक्रम ने बालिकाओं को अपनी प्रतिभा पहचानने, मंच पर निडर होकर अपनी बात रखने और भविष्य में और बेहतर करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में संकुल समन्वयक धर्मेंद्र कुमार अग्रवानी एवं संतोष कुमार अग्रवानी सहित शिक्षक राकेश शर्मा, अर्जुन कोमरा, कामेश कुमार, नेहा कश्यप, गौरी, रामेश्वरी ठाकुर, ललिता धामगए, मंजू कश्यप एवं विमला पाण्डेय उपस्थित रहे।

पेज 09 के शेष

पुष्प स्टील माइंस...

माउंटेन मशीनें लगाई गई थीं। सोमवार को काम समाप्त होने के बाद मशीनों को घटनास्थल पर खड़ाकर उनके ऑपरेटर अपने आवास चले गए थे। मंगलवार सुबह जब ऑपरेटर दोबारा काम पर पहुंचे तो तीनों मशीनें जली हुई अवस्था में मिलीं। इसके बाद उन्होंने तत्काल इसकी जानकारी माइंस प्रबंधन को दी। आगजनी की जानकारी मिलते ही प्रबंधन में हड़कंप मच गया और मामले की जानकारी लोहत्तर पुलिस को दी गई। घटनास्थल का निरीक्षण करने के दौरान पुलिस को दो पर्चे भी मिले हैं। इनमें लाल स्याही से कथित तौर पर चेतावनी भरी बातें लिखी गई हैं। पहले पर्चे में चेमल माइंस को सही-सलामत चलाने और माइंस को बार-बार बंद नहीं करने की बात लिखे होने की जानकारी सामने आई है। साथ ही पांच दिन के भीतर बात नहीं मानने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दिए जाना उल्लेखित है। दूसरे पर्चे में भी कथित रूप से चेतावनी देते हुए लिखा गया है कि अगर हमारे बातों पर ध्यान नहीं देंगे तो सोच लें। पर्चे में पेमेंट तथा लाल सलाम जिंदाबाद जैसे शब्दों का उल्लेख होने की जानकारी है। पुलिस ने दोनों पर्चों को जांच के दायरे में लेते हुए उनकी सामग्री और घटना से संभावित संबंधों की पड़ताल शुरू कर दी है।

भारतमाला सिक्सलेन निर्माण...

रही हाईड्रा क्रेन विश्रामपुरी की ओर से बासनवाही की तरफ जा रही थी। इसी दौरान बड़े देव घाट के पास किसी कारण से क्रेन अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे गहरी खाई में जा गिरी। क्रेन के पलटते ही चालक उसके नीचे दब गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक चालक बिहार का रहने वाला बताया जा रहा है। हालांकि उसकी पहचान की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हो सकी है। क्रेन के खाई में पलटने की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण और राहगीर घटनास्थल पर पहुंचने लगे। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। दुर्घटना में हाईड्रा क्रेन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। ग्रामीणों ने तत्काल घटना की जानकारी दुधावा पुलिस को दिया और खबर मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की।

नरहरपुर के 15 वार्डों का...

अनारक्षित मुक्त, लोकमान्य तिलक वार्ड अनारक्षित मुक्त, श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड अनारक्षित मुक्त, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड अनारक्षित महिला, पंडित जवाहरलाल नेहरू वार्ड अनारक्षित महिला, डॉ. अम्बेडकर वार्ड अनारक्षित मुक्त, मंडीपारा वार्ड अजजा मुक्त, शहीद गैंदसिंह वार्ड अजजा महिला, अटल बिहारी वाजपेयी वार्ड अनारक्षित महिला तथा इन्दरू केंवट वार्ड अजजा मुक्त के लिए आरक्षित किया गया।

नशे के खिलाफ पोटगांव...

किया गया। जनपद सदस्य पंचू राम नायक ने कहा कि सामाजिक बदलाव की शुरुआत स्वयं से करनी होगी। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहकर शिक्षा और सकारात्मक गतिविधियों की ओर बढ़ने का संदेश दिया। कोरर थाना के एसआई छत्रपाल साहू ने नशे के दुष्परिणामों के साथ कानून व्यवस्था, साइबर अपराध, बाल विवाह और बच्चों की सुरक्षा संबंधी कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। आयोजित कार्यक्रम में सरपंच देवकुमारी मंडावी, उपसरपंच हेमंत नायक, ग्राम पटेल हिरेन्द्र कुबेर, पूर्व उपसरपंच दिलीप राजपूत, मजबूत ठाकुर, सखा राम महला, मानेश कुल्हारिया, चैन सिंह साहू, गिरधारी मंडावी, बाबूलाल साहू, अब्दुल खलील खान, भुनेश कस्तूरे, प्रकाश ठाकुर, अवध कोकिला, अशोक कोकिला, दौलत महंत, कोमल करोटी आत्मा महवीर, जय कस्तूरे, भीमसेन नायक, रत्ती राम अमिला सहित समस्त वार्ड पंच एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहें।

बुजुर्ग की पत्थर व चाक...

पंचनामा एवं अन्य आवश्यक कार्रवाई की। प्रारंभिक जांच के बाद नरहरपुर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 103 (1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू किया। विवेचना के दौरान आरोपी कौटिल्य कुलदीप का नाम सामने आया। पूछताछ में हत्या से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्य सामने आने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त पत्थर, चाकू एवं अन्य साक्ष्य बरामद कर जब्त किए गए। पुलिस ने घटनास्थल से मिले साक्ष्यों को विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेजकर जांच कराई तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट सहित अन्य दस्तावेज न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए।

मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने 20 गवाहों का परीक्षण एवं प्रतिपरीक्षण कराया। एफएसएल रिपोर्ट, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर अभियोजन ने आरोपी पर हत्या का अपराध प्रमाणित किया। साक्ष्यों और अभियोजन की दलीलों से सहमत होते हुए प्रधान सत्र न्यायाधीश कांकेर ने आरोपी कौटिल्य कुलदीप को हत्या का दोषी मानते हुए आजीवन कारावास तथा एक हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

इंडो-नेपाल कराटे चैंपियनशिप...

ज्योति गिदवानी, निदेशक शंकर गिदवानी एवं शैक्षणिक सलाहकार गोविंद मुदलियार ने संयुक्त रूप से सभी पदक विजेता खिलाड़ियों, प्रतिभागियों, अभिभावकों और खेल विभाग को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में विद्यार्थियों का प्रदर्शन विद्यालय के लिए गौरव का विषय है। सही अवसर, प्रशिक्षण और प्रोत्साहन मिलने पर विद्यार्थियों की प्रतिभा को बेहतर मंच मिल सकता है। विद्यालय के प्रशासक, समन्वयकों तथा शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सभी 21 प्रतिभागियों, 11 पदक विजेता खिलाड़ियों, मुख्य कोच चंचल वर्मा और टीम मैनेजर रवि साहू को शुभकामनाएं दीं।

मुर्गा बाजार के नाम पर बंद हो सट्टा, दारू का खेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम

बीजापुर जिले के भोपालपटनम क्षेत्र रूद्ररम में पारंपरिक त्यौहारों के नाम पर सामाजिक मर्यादाओं को तार-तार करने वाली गतिविधियों पर सर्व आदिवासी समाज ने कड़ा रुख अपनाया है।

- सर्व आदिवासी समाज का अल्टीमेटम परंपरा का सम्मान रहे बरकरार

समाज के प्रमुखों ने भोपालपटनम के रुद्ररम में मुर्गा बाजार की आड़ में धड़ल्ले से चलाए जा रहे सट्टे के कारोबार, अवैध शराब की बिक्री और फैल रही गंदगी पर गहरी आपत्ति जताते हुए शासन-प्रशासन से इस पर तत्काल पूर्ण रोक लगाने की मांग की है।

इस अवसर पर सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष अशोक तलांडी, अल्वा मदनैया, अनिल पामभोई, कामेश्वर गौतम, सालिक राम नागवंशी, शंकर लाल सड़मेक, मरपेली किसटैया, सऊलम सनटी सहित अन्य सर्व आदिवासी समाज के लोग उपस्थित रहे।



अनैतिक गतिविधियां बर्दाश्त नहीं

सर्व आदिवासी समाज का स्पष्ट कहना है कि पोला, उगादी और दशहरा जैसे प्रमुख पर्वों पर आदिवासी संस्कृति व परंपरा के अनुसार मुर्गा बाजार (मुर्गा लड़ाई) आयोजित करने की अनुमति दी जानी चाहिए। यह हमारी सांस्कृतिक और पारंपरिक धरोहर का हिस्सा है लेकिन दुखद पहलू यह है कि इस पारंपरिक आयोजन की आड़ में कुछ असामाजिक तत्व बड़े पैमाने पर अवैध सट्टा खिला रहे हैं और धड़ल्ले से शराब बेची जा रही है।

गांव का माहौल खराब होने से समाज में रोष

समाज के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया है कि मुर्गा बाजार अब परंपरा से भटक कर अनैतिक गतिविधियों का अड्डा बनता जा रहा है।रुद्ररम में सट्टेबाजी और शराबखोरी के चलते न केवल क्षेत्र में गंदगी फैल रही है, बल्कि गांव का शांतिपूर्ण और सांस्कृतिक माहौल भी दूषित हो रहा है। इससे युवा पीढ़ी पर बुरा असर पड़ रहा है और आए दिन विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है।

प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग

सर्व आदिवासी समाज ने प्रशासन से स्पष्ट शब्दों में मांग की है कि परंपरागत आयोजन को संरक्षणः पोला, उगादी और दशहरा के अवसर पर केवल पारंपरिक रीति-रिवाजों के तहत मुर्गा बाजार की अनुमति दी जाए।अवैध गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंधः मुर्गा बाजार की आड़ में चलने वाले सट्टा-पट्टी, जुआ और अवैध शराब के कारोबार पर पुलिस व प्रशासन सख्त से सख्त कार्रवाई करे।स्वच्छता व्यवस्थाः आयोजन स्थलों पर गंदगी फैलाने वालों पर लगाम कसी जाए और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए।समाज ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने समय रहते इन असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश नहीं लगाया, तो सर्व आदिवासी समाज अपनी सांस्कृतिक अस्मिता और ग्रामीण शांति की रक्षा के लिए उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगा।

खबर संक्षेप

यातायात पुलिस ने आवारा मवेशियों को बांधी रेडियम पट्टी

नारायणपुर। जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं आम नागरिकों के साथ-साथ बेजुबान



पशुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यातायात पुलिस एवं पशु चिकित्सा विभाग द्वारा संयुक्त रूप से विशेष पहल की गई। पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार पटेल के मार्गदर्शन में आयोजित इस पहल के दौरान शहर के विभिन्न मार्गों पर घूमने एवं सड़क पर बैठे आवारा पशुओं के गले में रेडियम पट्टियां बांधी गईं। अभियान में रक्षित निरीक्षक मोहसिन खान सहित यातायात पुलिस के अधिकारी-कर्मचारी तथा पशु चिकित्सा विभाग से डॉ. रेशमा ध्रुव, वेटरनरी असिस्टेंट सर्जन एवं असिस्टेंट वेटरनरी फील्ड ऑफिसर दुष्यंत ठाकुर उपस्थित रहे।

हाटचपई में अंदकुरी गांडा समाज के सगा जोहार भेंट कार्यक्रम



फरसगांव। फरसगांव ब्लॉक के ग्राम हाटचपई में ब्लॉक इकाई धनोरा एवं केशकाल के अंदकुरी गांडा समाज द्वारा आयोजित सगा जोहार भेंट कार्यक्रम में केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर समाजजनों द्वारा उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम में विधायक ने समाज की हजारों वर्षों से चली आ रही पारंपरिक गांडा बाजा एवं मोहरी की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का उल्लेख किया।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि गण,समाज के वरिष्ठजनों, पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में समाजजनों की उपस्थिति रही।

डिजिटल पट्टा मिलने से प्रमोद के परिवार की वर्षों पुरानी परेशानी हुई दूर

कोण्डागांव। सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित सेवा सेतु शिविर आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित



निराकरण और पात्र हितग्राहियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं से जोड़ने का प्रभावी माध्यम बन रहे हैं। शिविरों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रें में लोगों को आवश्यक दस्तावेज एवं शासकीय सेवाएं उनके नजदीक ही उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसी क्रम में केशकाल विकासखण्ड के ग्राम गढ़ सिलियारा निवासी प्रमोद कुंजाम के परिवार को राजस्व विभाग द्वारा डिजिटल किसान किताब पट्टा प्रदान किया गया। डिजिटल पट्टा मिलने से उनके परिवार की लंबे समय से चली आ रही दस्तावेज संबंधी समस्या का समाधान हो गया। प्रमोद ने बताया कि उनके घर का पट्टा गुम हो जाने के कारण उन्हें काफी समय से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।

गांड़ा समाज का नवा खाई सगा जोहार कार्यक्रम



कोण्डागांव। अंदकुरी गांड़ा समाज द्वारा रविवार को जिले के सभी ब्लॉकों में ब्लॉक स्तरीय नवा खाई सगा जोहार भेंट कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान समाजजनों ने अपनी सदियों पुरानी परंपराओं का निर्वहन करते हुए एक–दूसरे से मिलकर नवा खाई की शुभकामनाएं दीं।अंदकुरी गांड़ा समाज द्वारा जिले के विभिन्न ब्लॉकों में अलग–अलग स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। कोण्डागांव एवं मर्दापाल ब्लॉक के ग्राम मुनगापदर और धनोरा, केशकाल ब्लॉक के ग्राम हाटचपई, माकड़ी ब्लॉक के ग्राम रांधना, फरसगांव ब्लॉक के ग्राम आलोर–झाटीबन तथा विश्रामपुरी ब्लॉक के ग्राम लिहागांव में समाजजनों ने मिलकर नवा खाई सगा जोहार भेंट कार्यक्रम मनाया।

बालेंगा में लगा जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर, बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ केशकाल

विधानसभा के बड़ेराजपुर विकासखंड के ग्राम बालेंगा में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विधायक नीलकंठ टेकाम शामिल हुए। इस अवसर पर कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना, पूर्व विधायक सेवकराम नेताम, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुखमन नेताम सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर कर विभिन्न मांगो और समस्याओं को लेकर अपने आवेदन प्रस्तुत किए। शिविर में विधायक नीलकंठ टेकाम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हो रहे विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं से आम जन का जीवन आसान हुआ है और विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता देते हुए लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं। क्षेत्र में तहसील कार्यालय और थाना स्थापित करने तथा भविष्य में बड़ेराजपुर में विकासखंड कार्यालय के रूप में विकसित करने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शिक्षा सुविधाओं के विस्तार, स्कूल एवं आश्रमों की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने तथा युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। बड़ेराजपुर को बेहतर सड़क एवं कनेक्टिविटी से जोड़ने के लिए भी कार्य जारी हैं।

केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम हुए शामिल

समृद्ध संस्कृति बड़ेराजपुर की पहचान

बड़ेराजपुर अपनी समृद्ध संस्कृति, परंपरा, विरासत और कृषि के लिए विशिष्ट पहचान रखता है। क्षेत्र के युवा कलाकारों ने अपनी प्रतिभा के माध्यम से क्षेत्र का नाम देशभर में रोशन किया है। उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान शासन और जनता के बीच सीधे संवाद का माध्यम बन रहा है। अभियान के माध्यम से शासन को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाया जा रहा है। कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने कहा कि 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चल रहे सेवा संकल्प अभियान की शुरुआत गांवों में आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम के साथ की गई है। अभियान के माध्यम से जिलेभर में जनकल्याणकारी गतिविधियों और विकास कार्यों को गति दी जा रही है।



यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष सुखमन नेताम, उपाध्यक्ष नारायण नेताम, अनीता नेताम, जनपद सदस्य अंजोरी नेताम, मन्ना राम नेताम, जनपद सदस्यगण सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, केशकाल एसडीएम आकांक्षा नायक, तहसीलदार लखेश्वर यादव, जनपद पंचायत सीईओ, जिला एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

मछली पालकों को जाल, आइस बॉक्स सहित अन्य सामग्री वितरित

मछली उत्पादन को बढ़ावा देने राज्य सरकार प्रतिबद्ध, शिविर में प्रदान की गई सामग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

विकासखंड केशकाल के ग्राम बेड़मा में सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मत्स्य पालन विभाग द्वारा क्षेत्र के मत्स्य हितग्राहियों को आजीविका संवर्धन एवं आर्थिक सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से विभिन्न शासकीय योजनाओं के तहत मत्स्य आदान सामग्री एवं आवश्यक संसाधनों का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में केशकाल विधानसभा क्षेत्र के विधायक नीलकंठ टेकाम एवं कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना उपस्थित रहीं। अतिथियों द्वारा विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत चयनित हितग्राहियों को आवश्यक सामग्री प्रदान की गई। मत्स्याखेट को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्राम आदेनबेड़ा के केवल सिंह एवं ग्राम अरण्डी के भीमसेन बघेल को मछली पकड़ने के जाल प्रदान किए गए। इससे मत्स्याखेट गतिविधियों को बेहतर तरीके से संचालित करने में सहायता मिलेगी। स्पॉन संवर्धन योजना के अंतर्गत ग्राम तोषकापाल के बलदेव मरकाम एवं ग्राम सिलाटी के अमर सिंह को मछली की बेहतर बढ़वार के लिए एग्रीमिन फोर्ट एवं बायोमरीन उत्पाद



प्रदान किए गए। ताजी मछली के सुरक्षित भंडारण एवं विक्रय की सुविधा के लिए ग्राम निराछिंदली के भीमसेन नेताम को आइस बॉक्स प्रदान किया गया। इससे मछली को सुरक्षित रखने और बाजार तक पहुंचाने में सुविधा मिलेगी। मत्स्य उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए श्रवण नेताम, सुखचंद नाग, धनराज मंडावी, जगदेव नेताम, सोमनाथ एवं भीमसेन बघेल को मछली बीज प्रदान कर लाभान्वित किया गया। मत्स्य पालन विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई इन सामग्रियों से क्षेत्र में मत्स्य पालन गतिविधियों को बढ़ावा मिलने के साथ ही स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं आय के अवसरों में वृद्धि होने की उम्मीद है। सेवा सेतु शिविर के माध्यम से हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं का लाभ और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए गए।

मोहपाल में सरपंच हत्याकांड शिक्षक समेत दो और गिरफ्तार अब तक 9 आरोपी पकड़े गए



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

ब्लाक के ग्राम मोहपाल सरपंच मंगल सिंह मरकाम हत्याकांड में बड़ेडोंगर पुलिस ने मंगलवार को दो और आरोपियों सरगराम नेताम 39 और बावन राम नेताम 54 को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने दोनों आरोपियों को 15 अक्टूबर तक न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपियों में सरगराम नेताम मोहपाल गौरीपदर प्राथमिक शाला में शिक्षक के पद पर पदस्थ बताया गया है। पुलिस के अनुसार जांच के दौरान सामने आए बयानों और अन्य तथ्यों के आधार पर दोनों की भूमिका संदिग्ध पाए जाने के बाद गिरफ्तारी की गई। न्यायालयीन दस्तावेजों में हत्या की पूर्व योजना और आरोपियों के बीच बातचीत से जुड़े तथ्यों का भी उल्लेख किया गया है। गौरतलब है कि 30 सितंबर की सुबह सरपंच मंगल सिंह मरकाम का घायल अवस्था में तालाब किनारे शव मिला था। सिर पर चोट के निशान पाए गए थे। परिजन उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इस मामले में अब तक कुल 9 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। पुलिस द्वारा मामले की विवेचना और अन्य पहलुओं की जांच जारी है।

खडपड़ी स्कूल में वन्य जीव संरक्षण सप्ताह पर जागरूकता कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खडपड़ी, विकासखंड कोण्डागांव में वन्य जीव संरक्षण सप्ताह के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों में वन्य जीवों के संरक्षण, उनके प्राकृतिक आवास की सुरक्षा तथा पर्यावरण संतुलन के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। मुख्य अतिथि रायधर कोर्राम ने कहा कि वन्य जीव संरक्षण सप्ताह के माध्यम से लोगों में वन्य जीवों के प्रति जागरूकता पैदा करने का प्रयास किया जाता है। उन्होंने कहा कि जंगलों में रहने वाले विभिन्न जीव–जंतुओं की अनेक प्रजातियां संरक्षण के अभाव में विलुप्त होने की स्थिति में पहुंच सकती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वन्य जीवों को नुकसान पहुंचाने के बजाय उनके संरक्षण के लिए लोगों को प्रेरित करें। वन्य जीवों की सुरक्षा से ही पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विद्यालय के प्राचार्य नीलम सिंह ठाकुर ने कहा कि वन्य जीव संरक्षण सप्ताह का उद्देश्य भारत की वनस्पतियों और वन्य जीवों की सुरक्षा एवं संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने वन्य जीवों के दीर्घकालिक संरक्षण के लिए समाज में जागरूकता और सहभागिता को आवश्यक बताया।

विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाने का प्रयास

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को वन्य जीवों की सुरक्षा, उनके प्रा—तिक आवास, वन संरक्षण और पर्यावरण संतुलन के महत्व की जानकारी दी गई। वक्ताओं ने विद्यार्थियों से वन्य जीवों के संरक्षण के संदेश को समाज के अन्य लोगों तक पहुंचाने का आह्वान किया।

विद्यालय स्टाफ का रहा सहयोग

कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमोद कुमार राठौर, व्याख्याता, श्रीमती कमला जोशी, प्रधानाध्यापक, श्रीमती सत्यवती कश्यप, प्रधान पाठक, सुरेश कुमार कुजर, विज्ञान सहायक, नरेंद्र कुमार राणा, प्रधान पाठक, मोहित कुमार, सहायक शिक्षक, सुश्री दिव्या ठाकुर सहित विद्यालय के समस्त स्टाफ का सक्रिय योगदान रहा।

सेवा सेतु से घर बैठे मिला आय प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

शासकीय सेवाओं को सरल, सुलभ और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से डिजिटल सेवाओं को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी दिशा में संचालित सेवा सेतु पोर्टल आम नागरिकों को घर बैठे शासकीय सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराने में सहायक बन रहा है।

पोर्टल के माध्यम से आवेदन, दस्तावेजों का डिजिटल सत्यापन और प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाया गया है।

बड़ेराजपुर तहसील अंतर्गत ग्राम



लिटहागांव की छात्रा दीक्षारानी बघेल को सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से आय प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ। छात्रा को शिक्षा संबंधी आवश्यकताओं के लिए आय प्रमाण पत्र की जरूरत थी। उन्होंने सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन किया।

विकसित ग्राम पंचायत की संकल्पना को साकार करने कोण्डागांव में वीजीपीपी प्रशिक्षण

कोण्डागांव। विकसित भारत के संकल्प को ग्राम स्तर तक साकार करने तथा पंचायतों को सुनियोजित, सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में विकसित पंचायत प्लान वीजीपीपी की प्रक्रिया को लेकर बुधवार को कलेक्ट्रेट, कोण्डागांव के प्रथम तल स्थित सभा कक्ष में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायत स्तर पर स्थानीय आवश्यकताओं, उपलब्ध संसाधनों एवं विकास की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए सुनियोजित ग्राम पंचायत विकास की कार्ययोजना तैयार करना रहा। साथ ही विभिन्न विभागों एवं क्रियान्वयन एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया गया।



यह रहे उपस्थित

कार्यक्रम में कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, कार्यक्रम अधिकारी, तकनीकी सहायक, रोजगार सहायक, विभिन्न क्रियान्वयन एजेंसियों के प्रतिनिधि एवं प्रदान संस्था के साथी उपस्थित रहे।

संविदा पदों की कम्प्यूटर कौशल परीक्षा कल

कोण्डागांव। मिशन शक्ति अंतर्गत महिला सशक्तिकरण केन्द्र हब के संचालन के लिए जेण्डर विशेषज्ञ, वित्तीय साक्षरता एवं समन्वय विशेषज्ञ तथा आई.टी. असिस्टेंट के कुल 3 संविदा पदों पर 1 अक्टूबर के माध्यम से वरीयता सूची का प्रकाशन किया गया था। वरीयता सूची के अनुसार अभ्यर्थियों को 1:10 के अनुपात में कौशल परीक्षा के लिए उपस्थित होने की सूचना प्रसारित की गई थी। उक्त कौशल परीक्षा के आयोजन में आंशिक संशोधन किया गया है। अब कम्प्यूटर कौशल परीक्षा 8 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे कार्यालय कलेक्टर, कोण्डागांव के कक्ष क्रमांक 74 में आयोजित की जाएगी।

यश कुमार करेंगे सीके नायडू ट्रॉफी में राज्य का प्रतिनिधित्व



नारायणपुर। जिले के क्रिकेट खिलाड़ी यश कुमार वर्धा का सीके नायडू ट्रॉफी अंडर-23 के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की टीम में चयन हुआ है। बस्तर संभाग से टीम में जगह बनाने वाले वे एकमात्र खिलाड़ी हैं। उनकी यह उपलब्धि नारायणपुर सहित पूरे बस्तर संभाग के लिए गर्व का विषय है। प्रतियोगिता से पहले यश रायपुर में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा लेंगे। इसके बाद छत्तीसगढ़ की टीम को जम्मू में जम्मू-कश्मीर के विरुद्ध मुकाबला खेलना है। टीम के आगामी मुकाबले मध्यप्रदेश और गुजरात से भी होने हैं। सीके नायडू ट्रॉफी युवा खिलाड़ियों को राज्य स्तर से आगे अपनी प्रतिभा दिखाने का महत्वपूर्ण अवसर देती है। इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन खिलाड़ियों के लिए रणजी ट्रॉफी और आगे पेशेवर क्रिकेट में अवसरों की राह मजबूत कर सकता है। नारायणपुर के खेल प्रेमियों को उम्मीद है कि यश बेहतर प्रदर्शन कर भविष्य में छत्तीसगढ़ की रणजी ट्रॉफी टीम में भी अपनी जगह बनाएंगे।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

बेडमा में लगा जिला स्तरीय जनसमस्या शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ केशकाल

सेवा संकल्प अभियान के तहत केशकाल विकासखंड के अंतर्गत ग्राम बेडमा में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम मुख्य अतिथि के रूप में तथा जिला कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना विशेष रूप से उपस्थित रहीं। शिविर में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और अपनी विभिन्न समस्याओं एवं मांगों को प्रशासन के समक्ष रखा। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं को उनके क्षेत्र में ही सुनना तथा संबंधित विभागों के माध्यम से उनका निराकरण सुनिश्चित करना रहा।



शिविर में ग्रामीणों ने सड़क, बिजली, पेयजल, राजस्व, राशन, पेंशन, आवास, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, वनाधिकार सहित विभिन्न विषयों से संबंधित समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं। अलग-अलग विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल के माध्यम से ग्रामीणों को शासन की योजनाओं की जानकारी भी दी गई तथा पात्र हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त किए गए। शिविर में विधायक नीलकंठ टेकाम एवं कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने ग्रामीणों से सीधे संवाद करते हुए उनकी समस्याओं को सुना। ग्रामीणों द्वारा प्रस्तुत आवेदनों और समस्याओं के संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों से जानकारी ली।

जिन मामलों में तत्काल कार्रवाई संभव थी, उनमें मौके पर ही आवश्यक निर्देश दिए गए, जबकि अन्य प्रकरणों को संबंधित विभागों को नियमानुसार निराकरण के लिए भेजा गया।

शिविर के दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों से कहा कि वे अपनी समस्याओं को लेकर किसी तरह की परेशानी न उठाएं तथा प्रशासन द्वारा आयोजित ऐसे शिविरों का लाभ उठाते हुए अपनी समस्याएं एवं आवेदन प्रस्तुत करें। प्रशासन की ओर से प्राप्त आवेदनों की जांच कर पात्रतानुसार कार्रवाई करने की बात कही गई।

विधायक नीलकंठ टेकाम ने कहा विधायक नीलकंठ टेकाम ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान का मूल उद्देश्य शासन की योजनाओं और प्रशासनिक सुविधाओं को गांव-गांव तक पहुंचाना है।

खबर संक्षेप

युवा मोर्चा ने बोहरिया माता मंदिर परिसर में किया श्रमदान



जगदलपुर। युवा मोर्चा मंडल लोहण्डीगुड़ा द्वारा सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत गढ़िया स्थित ग्राम देवी बोहरिया माता मंदिर परिसर में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा एवं सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में कार्यकर्ताओं ने सामूहिक श्रमदान कर परिसर की साफ-सफाई की और स्वच्छता का संदेश दिया। उपस्थित लोगों ने स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ समाज के निर्माण में सामूहिक सहभागिता निभाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर गढ़िया सरपंच भरत कश्यप, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष शिवनंदन पेगड़, पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष तुलाराम सेठिया, युवा मोर्चा महामंत्री लखन ठाकुर, मंडल मीडिया प्रभारी विनय मौर्य, चेतन गोयल और महेंद्र कश्यप सहित स्थानीय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

उत्कृष्ट कार्य के लिए सांसद ने किया सम्मानित



जगदलपुर। टाउन हॉल में सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित जिला स्तरीय सेवा सेतु शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम के उत्कृष्ट कार्यों को सराहते हुए उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान सांसद महेश कश्यप ने योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए परियोजना अधिकारी और उनके तीनों सुपरवाइजरों को मंच से सम्मानित किया। इसके साथ ही जमीनी स्तर पर सेवा संकल्प अभियान में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली लगभग 40 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और 40 सहायिकाओं को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस सम्मान से कार्यकर्ताओं और अधिकारियों में हर्ष का माहौल रहा और उन्होंने इसे मैदानी स्तर पर काम कर रही पूरी टीम का मनोबल बढ़ाने वाला कदम बताया।

बाढ़ आपदा राहत कोष में दिए 51 हजार



जगदलपुर। बाढ़ प्रभावित परिवारों की सहायता एवं आपदा प्रबंधन के लिए वनांचल माधव सेवा कल्याण समिति ने सहयोग की पहल करते हुए मुख्यमंत्री बाढ़ आपदा राहत कोष में 51 हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान की। समिति की ओर से मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर आकाश छिकारा को 51 हजार रुपए का चेक सौंपा गया। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि प्राकृतिक आपदा की इस घड़ी में बाढ़ प्रभावित परिवारों के साथ खड़ा होना सामाजिक दायित्व है। इस अवसर पर समिति के कार्यकारिणी सदस्य कुंवर राज बहादुर सिंह राणा, सचिव तुलसीराम बघेल, हेम कुमार पटेल एवं संग्राम सिंह राणा उपस्थित रहे।

आज से शहर में यातायात डायवर्ट, भारी वाहनों और बसों के लिए बदला मार्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कांकेर शहर में 7 अक्टूबर को आयोजित रैली एवं अन्य कार्यक्रमों को देखते हुए यातायात पुलिस ने शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू और सुरक्षित बनाए रखने के लिए विशेष डायवर्सन प्लान जारी किया है। सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक बसों एवं सभी प्रकार के भारी वाहनों को शहर के अंदर प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

यात्रियों और वाहन चालकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए गए हैं। यातायात पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे निर्धारित डायवर्सन मार्ग का ही उपयोग करें और व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। यातायात पुलिस के अनुसार रायपुर एवं भानुप्रतापपुर की ओर से कांकेर आने वाली बसें माकड़ी से केव्हीके से ज्ञानी चौक से बस स्टैंड मार्ग से होकर बस स्टैंड तक पहुंचेंगी।

इसके बाद बसें बस स्टैंड से केव्हीके बाईपास से जगदलपुर की ओर रवाना होंगी। इस दौरान बसों को शहर के अन्य हिस्सों में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। जगदलपुर की ओर से आने वाली बसों के लिए भी वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किया गया है। यह बसें जगदलपुर से बस स्टैंड से ज्ञानी चौक से केव्हीके बाईपास से रायपुर की ओर रवाना होंगी। यातायात पुलिस ने वाहन चालकों से निर्धारित मार्ग का पालन करने की अपील की है।

एम्बुलेंस के लिए अलग व्यवस्था

यातायात पुलिस ने बताया कि आपातकालीन सेवाओं को प्रभावित न हो, इसके लिए एम्बुलेंस एवं आवश्यक वाहनों के आवागमन का प्लान संबंधित विभागों को उपलब्ध करा दिया गया है। आपात स्थिति में आवश्यक वाहनों की आवाजाही को प्राथमिकता दी जाएगी।

निर्धारित डायवर्सन रूट से ही गुजरेंगे बस और भारी वाहन

आज से सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक लागू रहेगी व्यवस्था



फाइल फोटो

शाम 6 बजे तक शहर में भारी वाहनों की नो-एंट्री

रैली एवं अन्य कार्यक्रमों के दौरान भीड़ और यातायात दबाव को देखते हुए बस एवं समस्त भारी वाहनों के शहर के अंदर प्रवेश पर शाम 6 बजे तक रोक रहेगी। यातायात पुलिस के अनुसार यह व्यवस्था आम नागरिकों की सुरक्षा और शहर में यातायात को व्यवस्थित बनाए रखने के लिए की गई है।

ठेकेदार और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग

लाइन विस्तार कार्य में लापरवाही से खुले गड्ढे में गिरी बछिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजूर

कापसी से हॉस्पिटल कॉलोनी की ओर सड़क किनारे बिजली लाइन विस्तार का कार्य चल रहा है, लेकिन इस कार्य में लगातार लापरवाही और अनियमितता के आरोप सामने आ रहे हैं। ताजा मामला हॉस्पिटल कॉलोनी का है, जहां बिजली के खंभे लगाने के लिए खोदा गया गड्ढा बाद में खंभे की जगह बदलने के बावजूद खुला छोड़ दिया गया। इसी खुले गड्ढे में ग्राम पंचायत छोटे कापसी निवासी उद्धव हालदार की बछड़ा गिरकर फंस गई।

घटना रात के समय की है। अंधेरा होने के कारण बछिया के गड्ढे में गिरने की जानकारी मिलने के बाद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों की मदद से बछिया को सुरक्षित बाहर निकाला गया।



गनीमत रही कि इस घटना में कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली लाइन विस्तार कार्य में ठेकेदार की लापरवाही को लेकर पहले भी कई बार सवाल उठ चुके हैं और समाचारों के माध्यम से मामला सामने लाया जा चुका है। इसके बावजूद सड़क किनारे खोदे गए गड्ढों को व्यवस्थित तरीके से बंद नहीं किया जा रहा है, जिससे राहगीरों और ग्रामीणों के साथ मवेशियों के लिए भी खतरा बना हुआ है।

सड़क किनारे खोदा गड्ढा, हादसे को दे रहा दावत

पखांजूर। स्टेट हाईवे क्रमांक 25 पर सड़क से सटकर एक सेवा निजी कंपनी द्वारा केबल बिछाने के लिए खोदे गए गड्ढे अब हादसे का कारण बन रहा हैं। मामले को लेकर पूर्व में खबर प्रकाशित की गई थी। इसके बाद कंपनी द्वारा कई गड्ढों को पाट दिया गया है, लेकिन कई स्थानों पर गड्ढे आज भी खुले पड़े हैं। मौके की तस्वीर में साफ देखा जा सकता है कि मुख्य सड़क से महज एक से दो फुट की दूरी पर गहरा गड्ढा खुला है। गड्ढे के चारों ओर न सुरक्षा बैरिकेड है, न ही कोई संकेतक या चेतावनी बोर्ड लगाया गया है। गड्ढे से निकली मिट्टी और मलबा भी सड़क किनारे ही पड़ा हुआ है। इस वजह से इस मार्ग से गुजरने वाले दोपहिया वाहन चालकों के लिए खतरा बना हुआ है। दिन में वाहन चालक किसी तरह बचकर निकल जाते हैं, वहीं रात के समय अंधेरे में दुर्घटना की आशंका और



बढ़ जाती है। लगातार आवागमन वाले इस मार्ग पर कभी भी बड़ा हादसा हो सकता हैं। अब यहां देखना है की शासन प्रशासन इस गड्ढे को कितना गंभीरता से लेकर गड्ढे को पटता है या गड्ढा दुर्घटना को दावत देने के लिए रख देता है।

सेवा संकल्प अभियान में विधायक व कलेक्टर ने ग्रामीणों से किया संवाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बासनवाही

सेवा संकल्प अभियान के तहत नरहरपुर विकासखंड के ग्राम मांडाभर्री में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और सड़क, बिजली, पेयजल, राशन, पेंशन, आवास, राजस्व, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि एवं वनाधिकार सहित विभिन्न समस्याओं से संबंधित आवेदन अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किए।

शिविर में क्षेत्रीय विधायक आशाराम नेताम ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। विधायक ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से मौके पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए तथा ग्रामीणों की मूलभूत समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाना आवश्यक है।

ग्रामीणों ने सौंपे आवेदन

जनसमस्या शिविर में ग्रामीणों ने अपने गांव एवं व्यक्तिगत स्तर की विभिन्न समस्याओं को लेकर आवेदन सौंपे। पेयजल, सड़क, बिजली, राजस्व प्रकरण, राशन कार्ड, पेंशन, प्रधानमंत्री आवास, स्वास्थ्य सुविधा, शिक्षा, कृषि तथा वनाधिकार से संबंधित मामलों को प्रमुखता से रखा गया।

अधिकारियों ने ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवश्यक दस्तावेजों एवं प्रक्रिया की जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हरेश मंडावी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, जनपद अध्यक्ष सोमन कावड़े, जनपद उपाध्यक्ष संजुगोपाल साहू, हीरा मरकाम सहित जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहें।

संरक्षण सप्ताह के तहत चित्रकला व जागरूकता रैली का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह के तहत 6 अक्टूबर को वन परिक्षेत्र चारामा में वन्यप्राणियों के संरक्षण एवं उनके प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। शासकीय प्राथमिक कन्या शाला चारामा की छात्राओं ने चित्रकला के माध्यम से वन्यप्राणी संरक्षण का संदेश दिया, वहीं ग्राम पलेवा में पूर्व माध्यमिक शाला के विद्यार्थियों ने जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीणों को वन्यप्राणियों की सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।

कार्यक्रम उप वनमंडलाधिकारी कोरर आकाश ठाकुर के निर्देशन तथा वन परिक्षेत्र अधिकारी चारामा डीसी जोशी के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। इस दौरान वन विभाग के चारामा सर्किल एवं रेंज का स्टाफ मौजूद रहा। विद्यार्थियों ने चित्रकला एवं रैली के माध्यम से वन्यप्राणियों के संरक्षण, उनके प्राकृतिक आवास की सुरक्षा और मानव-वन्यप्राणी संघर्ष को कम करने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को संस्था के प्राचार्य विष्णु सेन, व्याख्याता एसआर सिन्हा, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी महेश सलाम एवं डिप्टी रेंजर पुनीता मरकाम ने पुरस्कार प्रदान कर उत्साहवर्धन किया।

ग्राम पलेवा में आयोजित जागरूकता रैली में लखनपुरी सर्किल के सहायक परिक्षेत्र अधिकारी अजय नागवंशी, वनपाल भगवान सिंह दुग्गा एवं मीनू राम ठाकुर सहित वन विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। वन विभाग के अनुसार पलेवा क्षेत्र वन्यप्राणी घटनाओं की दृष्टि से संवेदनशील है, ऐसे में विद्यार्थियों के माध्यम से ग्रामीणों तक संरक्षण एवं सतर्कता का संदेश पहुंचाने के उद्देश्य से रैली आयोजित की गई। कार्यक्रम के आयोजन में वनपाल ललिता दुग्गे, नरेश साहू तथा वनरक्षक बिरझू पटेल, संध्या सोनवानी, उमेश्वरी सिन्हा, प्रभा दास, तुलसी निषाद एवं तरुण मंडावी सहित वन विभाग के कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



पीएचसी में डॉक्टर देंगे सप्ताह में चार दिन सेवाएं ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर मिलेगा इलाज

दुर्गूकोंदल। विकासखंड दुर्गूकोंदल के दूरस्थ कोड़ेकुर्से क्षेत्र के ग्रामीणों को अब स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। कलेक्टर की पहल पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोड़ेकुर्से में डॉक्टर द्वारा सप्ताह में चार दिन नियमित स्वास्थ्य सेवाएं देने की व्यवस्था की गई है। इससे क्षेत्र के ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर उपचार और चिकित्सकीय परामर्श की सुविधा मिल सकेगी।

कलेक्टर कुंदन कुमार ने कांकेर जिले में पदभार संभालने के बाद विभिन्न विभागों के कामकाज की समीक्षा शुरू की है। इसी क्रम में विकासखंड दुर्गूकोंदल में आयोजित जिला जनसमस्या निवारण शिविर में उन्होंने अधिकारियों से विभागवार जानकारी ली। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सकीय सेवाओं की स्थिति और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों की उपलब्धता को लेकर जानकारी ली गई। इस दौरान खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज किशोरे ने कलेक्टर एवं उपस्थित ग्रामीणों के समक्ष स्वास्थ्य विभाग की स्थिति और क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित जानकारी प्रस्तुत की। कोड़ेकुर्से क्षेत्र के ग्रामीणों की स्वास्थ्य सुविधा से जुड़ी आवश्यकता को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देश के बाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोड़ेकुर्से में डॉक्टर ने चार दिन सेवा देने की शपथ ली। अब डॉक्टर की नियमित उपलब्धता से ग्रामीणों को सामान्य बीमारियों के उपचार, स्वास्थ्य जांच, दवाइयों एवं आवश्यक चिकित्सकीय सलाह के लिए अन्य स्थानों पर निर्भरता कम होगी।

सेवा संकल्प से तरांदुल में जगी उम्मीद की नई किरण, बच्चों ने लगाए भारत माता के जयकारे

सेवा संकल्प अभियान में बच्चों को बांटे बैग-कॉपी और शैक्षणिक सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर/कोरर

कभी नक्सल गतिविधियों के लिए जाना जाने वाला कांकेर जिले का सुदूर ग्राम तरांदुल अब बदलाव और विकास की नई तस्वीर पेश कर रहा है। जहां कुछ समय पहले तक आम लोगों का पहुंचना भी चुनौतीपूर्ण माना जाता था, वहीं अब सेवा और शिक्षा की गतिविधियां सहजता से पहुंच रही हैं। इसी बदले माहौल के बीच सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत तरांदुल एवं अन्य गांव के बच्चों को कॉपी, पेन, स्कूल बैग एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया गया।

रायपुर से तरांदुल पहुँचे भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष नंदन जैन ने बच्चों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि आज तरांदुल जैसे सुदूर क्षेत्र में आप सभी के बीच आकर मुझे बेहद खुशी हो रही है। कभी यह क्षेत्र नक्सल गतिविधियों के कारण चुनौतीपूर्ण माना जाता था, लेकिन आज परिस्थितियां बदल रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की दृढ़ नीति और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का काम तेजी से हो रहा है। सेवा संकल्प अभियान इसी भावना का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर बच्चों को कॉपी, पेन और स्कूल बैग देना केवल सामग्री का वितरण नहीं, बल्कि उनके उज्ज्वल भविष्य के प्रति हमारा संकल्प है।



शिक्षा ही विकास की होती है मजबूत नींव

भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष आलोक ठाकुर ने कहा कि तरांदुल जैसे सुदूर क्षेत्र में आज सेवा संकल्प अभियान के तहत बच्चों को शैक्षणिक सामग्री वितरित करना बेहद सुखद और गौरव का विषय है। इसका सबसे बड़ा लाभ ग्रामीणों और बच्चों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही विकास की सबसे मजबूत नींव है। तरांदुल के बच्चों को बेहतर अवसर उपलब्ध कराकर उन्हें देश की मुख्यधारा से जोड़ना हम सभी की जिम्मेदारी है।

भारत माता के नारे, उत्साह से गूंजा तरांदुल

सेवा संकल्प अभियान के दौरान प्राथमिक शाला के बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम का माहौल उस समय और उत्साहपूर्ण हो गया, जब अतिथियों ने बच्चों के बीच बैठकर उनके साथ संवाद किया और भारत माता की जय के नारे लगाए। बच्चों ने भी पूरे जोश के साथ नारों में सहभागिता की। सुदूर क्षेत्र के इन नन्हे विद्यार्थियों के साथ अतिथियों का सहज जुड़ाव कार्यक्रम का आकर्षण रहा।

तरांदुल के बच्चों का रहा बेहतर प्रदर्शन

खंड शिक्षा अधिकारी क्षमा सोनेल ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित 'विकसित भारत 2047' विषय पर जिलास्तरीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता में तरांदुल क्षेत्र के बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन किया। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों की प्रतिभा को सामने आने का अवसर मिला और उनमें रचनात्मकता एवं आत्मविश्वास का विकास भी हुआ।

ये रहे शामिल

आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य तेजेश्वरी सिन्हा, भाजपा जिला मंत्री अनूप सिंह राठौर, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष हेमेंद्र बंटी ठाकुर, भाजपा मंडल महामंत्री जय शिवाना, शिक्षा प्रकोष्ठ जिला संयोजक भागीरथी साहू, शंकर यादव, खेम तिवारी, रंजीत सिंह राठौर, चौथ उयके, रोहित साहू, लोकेश साहू सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता, ग्रामीण एवं हाई स्कूल के सभी शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन भाजपा कोरर मंडल महामंत्री जय शिवाना और आभार प्रदर्शन हाई स्कूल तरांदुल के प्राचार्य देवनाथ कोरेटी ने किया।

बाढ़ प्रभावितों को मिलेगा मुआवजा : देव

जगदलपुर। विधायक एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव के मार्गदर्शन में मंगलवार को आपदा में सेवा, समर्पण, सहयोग एवं राहत कार्य के तहत राहत शिविर का दूसरा चरण नगरनार मंडल के ग्राम गारावंड, भाटागुड़ा, कलचा, तुरेनार, आसना, बालिकोंटा व घाटपदमूर में आयोजित किया गया। सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित इस शिविर के दौरान विधायक किरण देव ने बाढ़ प्रभावितों से वीडियो कॉल के जरिए सीधी चर्चा की। उन्होंने ग्रामीणों का हालचाल जाना और उन्हें बाढ़ से हुए नुकसान का हर संभव मुआवजा दिलाने के लिए आश्वस्त किया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

दो बच्चों को मिली नई रोशनी

चिरायु योजना बनी वनांचल के बच्चों के लिए संजीवनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुर्गूकोंदल के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित चिरायु योजना सुदूर वनांचल क्षेत्रों के बच्चों के लिए संजीवनी साबित हो रही है। योजना के माध्यम से बच्चों में जन्मजात एवं गंभीर बीमारियों की समय पर पहचान कर उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसी क्रम में दो बच्चों में जन्मजात मोतियाबिंद की पहचान कर उनका रायपुर में निःशुल्क सफल इलाज कराया गया है।

चिरायु टीम दुर्गूकोंदल द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों एवं शासकीय विद्यालयों में नियमित स्वास्थ्य जांच की जाती है। इसी जांच के दौरान आंगनबाड़ी कोड़े के एक वर्षीय वासु पुडो तथा दुवा के आठ वर्षीय खिलेंद्र में जन्मजात मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए। चिरायु टीम ने तत्काल दोनों बच्चों को उच्च स्तरीय उपचार के लिए रायपुर रेफर किया। स्वास्थ्य विभाग की पहल एवं



मार्गदर्शन में दोनों बच्चों का रायपुर स्थित निजी अस्पताल में पूरी तरह निःशुल्क उपचार कराया गया। आवश्यक जांच एवं उपचार के बाद अब दोनों बच्चे स्वस्थ हैं और उनके स्वास्थ्य में संतोषजनक सुधार हुआ है। समय पर बीमारी की पहचान और उपचार मिलने से बच्चों के परिजनों में भी खुशी का माहौल है। परिजनों ने बताया कि यदि चिरायु टीम द्वारा गांव और स्कूल स्तर पर नियमित स्वास्थ्य जांच नहीं की जाती तो बच्चों की बीमारी का समय पर पता लगाना कठिन हो सकता था। बच्चों के सफल उपचार के लिए परिजनों ने जिला कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी कुंदन कुमार के दिशा-निर्देश तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. केके ध्रुव, जिला कार्यक्रम प्रबंधक रोहित कुमार वर्मा, जिला नोडल अधिकारी डॉ. सुनील सोनी, जिला सलाहकार डॉ. विनोद वैद्य एवं खंड चिकित्सा अधिकारी दुर्गूकोंदल डॉ. मनोज किशोरे के मार्गदर्शन के प्रति आभार व्यक्त किया। चिरायु योजना का उद्देश्य बच्चों में जन्मजात एवं गंभीर बीमारियों की शुरुआती अवस्था में पहचान कर उन्हें समय पर उपचार उपलब्ध कराना है। दुर्गूकोंदल जैसे दूरस्थ वनांचल क्षेत्र में इस तरह के सफल उपचार से यह संदेश जाता है कि नियमित स्वास्थ्य जांच और सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ लेकर बच्चों को समय पर बेहतर उपचार दिलाया जा सकता है।

